IIM NAGPUR

प्रसिद्धि के लिए

आयआयएम नागपुर का 'सैटेलाइट कैंपस' अब पुणे में

०७ सितंबर, 2021 | पुणे:

इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मॅनेजमेंट (आईआईएम) नागपुर ने छह साल पहले मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध नेतृत्व, विश्व स्तरीय प्रबंधक और मजबूत वैचारिक नींव के साथ उद्यमी के निर्माण की दृष्टिसे अपना काम शुरू किया था। कम समय में, इस संस्था ने प्रबंधन शिक्षा और औद्योगिक जुड़ाव के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। यह संस्थान अब पुणे शहर में अपना 'सैटेलाइट कैंपस' स्थापित करने जा रहा है, जो छात्रों के सपनोंको पंख देने के साथ-साथ छात्रवृत्ति और शिक्षा को बढ़ावा देगा।

आईआईएम नागपुर ने बहुत कम समय में, दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम विकसित किया है, जो अब देश भर के छात्रों के लिए एक महत्वाकांक्षी एमबीए पाठ्यक्रम बन गया है। यह संस्था उद्योगों के लिए आवश्यक शैक्षिक गतिविधियों के विस्तार पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है, जैसे कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम (Executive Education Programme), कामकाजी पेशेवरों के लिए एमबीए (MBA-WP), इच्छुक उद्यमियों के लिए इन्फेड (InFED) - शुरुआती चरण के स्टार्टअप के लिए इनक्युबेशन केंद्र- शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमोंको शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित और विशेषज्ञ व्यक्तियों के मार्गदर्शन के साथ-साथ उद्योग से आवश्यक इनपुट के साथ विकसित किया गया है। इसमें एक अच्छी तरह से डिज़ाइन किया गया इमर्शन मॉड्यूल (Field Immersion Module) भी शामिल है।

आईआईएम नागपुर ने परिवहन क्षेत्र की दक्षता और उत्पादकता में सुधार के लिए काम करने वाला एक संगठन सीआईआरटी (CIRT), पुणे के साथ, एक समझौता (MoU) किया है। इस समझौते के तहत आईआईएम नागपुर सीआईआरटी (CIRT) परिसर में अपना 'सैटेलाइट कैंपस' स्थापित कर रहा है। साथ ही, यह संबंधित पाठ्यक्रमों के लिए एक सहयोगी स्थान बनाने और योजना के अनुसार छात्रवृत्ति की अवधारणा का विस्तार करने की योजना बना रहा है।

आईआईएम नागपुर ने मंगलवार, 7 सितंबरको पुणे में कॉर्पोरेट जगत के व्यक्तियों, उद्योग विशेषज्ञों और मीडिया के साथ बातचीत करते हुए अपने इस पहलकी शुरूवात की है।

२०० से अधिक कॉर्पोरेट और उद्योग क्षेत्र के मानवसंसाधन विशेषज्ञों ने अपने मूल्यवान अनुभव-समृद्ध विचारों को इस अवसर पर साझा किया

For more details about the Institute, please contact Mr Sachin Farfad Patil (Officer, Branding and Corporate Communication), on 9975633461 or media@iimnagpur.ac.in

टेक महिंद्रा के सीईओ और एमडी तथा आईआईएम नागपुर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष, श्री. सीपी गुरनानी (CP Gurnani) ने कहा, "आज पुणे में आईआईएम नागपुर के 'सैटेलाइट कैंपस' के शुभारंभ की घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। पुणे में यह 'सैटेलाइट कैंपस' भविष्य के युवा नेताओं की इकोसिस्टम बनाकर एक आदर्श स्थापित करने की दृष्टिसे प्रबंधन के क्षेत्र में एक नई दिशा में एक नया कदम है, जो चुस्त, फुर्तिले और गतिशील उद्योग की तस्वीर पेश करना चाहते हैं। विश्व स्तरीय शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कैंपस उद्योग-अग्रणी और अकादमिक क्षेत्रोंको एक साथ लाएगा और 'कल के नेतृत्व' के लिए एक मंच प्रदान करेगा।"

सीआईआरटी अपने 108 एकड़ परिसर में आवश्यक आधारभूत संरचना प्रदान करेगा जिसे पाठ्यक्रम और सम्बन्धित गतिविधियों की आवश्यकतानुसार आईआईएम नागपुर विकसित करेगा।

आईआईएम नागपुर के निदेशक डॉ. भीमराया मेत्री ने बातचीत के दौरान पुणे क्षेत्र की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा, "पुणे में आईआईएम नागपुर के 'सैटेलाइट कैंपस' का शुभारंभ संस्था के इतिहास में एक मील का पत्थर है।" इस कैंपस में शुरू होनेवाले पाठ्यक्रम लघु और दीर्घकालिक कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम और कामकाजी पेशेवरों के लिए एमबीए के रूप में होंगे। अनुसंधान और सलाहकारों का सहयोग भी इन पाठ्यक्रमों की एक महत्वपूर्ण विशेषता होगी।

प्रबंधन के कामकाज को प्रभावित करना आईआईएम नागपुर के मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। पुणे में आईआईएम नागपुर के 'सैटेलाइट कैंपस' का शुभारंभ इस दिशा में एक बड़ा कदम है।

- *End of Text.*

For more details about the Institute, please contact Mr Sachin Farfad Patil (Officer, Branding and Corporate Communication), on 9975633461 or media@iimnagpur.ac.in